# अध्याय - 3 नात्सीवाद और हिटलर का उदय

## स्मरणीय तथ्य

- हिटलर जर्मनी को दुनिया का सबसे ताकतवर देश बनाना चाहता था।
- वह पूरे यूरोप को जीत लेना चाहता था।
- उसने यहुदियों को मरवाया था।
- मित्र राष्ट्रों का नेतृत्व शुरू में ब्रिटेन और फ्रांस के हाथों में था। 1941 ई. में सोवियत संघ और अमेरिका भी इस गठबंधन में शामिल हो गये।
- धुरी शक्तियों में - जर्मनी, इटली और जापान था।
- जर्मनी ने लगभग 60 लाख यहूदी, 2 लाख जिप्सी और 10 लाख पोलैंड के नागरिकों को मार डाला।
- प्रथम विश्वयुद्ध जर्मनी ऑस्ट्रियाई साम्राज्य और तुर्की के साथ मिलकर मित्र राष्ट्रों (इंगलैण्ड, फ्रांस और रूस) के खिलाफ लड़ा, जिसमें मित्र राष्ट्रों की जीत हुई।
- प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी की पराजय के बाद वहाँ के सम्राट ने पदत्याग दिया।
- नई व्यवस्था में जर्मन संसद (राइखस्टाग) के लिये जनप्रतिनिधियों का चुनाव किया जाने लगा।
- सार्वभौमिक मताधिकार द्वारा वाइमर गणराज्य का चुनाव हुआ।
- यूरोप जो पहले कर्ज देने वालों का महाद्वीप कहलाता था। प्रथम विश्वयुद्ध के बाद कर्जदारों का महाद्वीप बन गया।
- जर्मनी के आर्थिक संकट को दूर करने के लिये, अमेरिका ने 'डॉव्स योजना' के तहत हर्जाने की शर्तों को दोबारा तय किया।
- 1924 ई. से 1928 ई. तक जर्मनी की स्थिति स्थिर रही। यह स्थिरता अमेरिका से लिये गये अल्पकालिक कर्जों पर आश्रित था।
- 1929 ई. में वॉल स्ट्रीट एक्सचेंज (अमेरिकी) के धाराशायी होने से जर्मनी को मिल रही आर्थिक मदद बंद हो गई।
- आर्थिक मंदी की वजह से जर्मनी में 60 लाख लोग बेरोजगार हो गये।
- लोकतांत्रिक संसदीय व्यवस्था में लोगों का विश्वास खत्म होने लगा।
- हिटलर प्रथम विश्वयुद्ध में संदेशवाहक का काम किया,कार्पोरल बना और बहादुरी के लिये कुछ तमगे भी हासिल किया।
- हिटलर, जर्मनी की पराजय से दु:खी था, किंतु वर्साय की संधि ने उसे आग-बबूला कर दिया।
- हिटलर ने राजनीति की एक नई शैली रची। वह लोगों को गोलबंद करने के लिये आडंबर और प्रदर्शन की अहमियत समझता था।
- उसने बड़ी-बड़ी रैलियाँ और जनसभाएँ आयोजित की।
- नात्सियों ने अपने धुआँधार प्रचार के जरिए हिटलर को एक मसीहा, एक रक्षक, एक अवतार के रूप में पेश किया।
- 30 जनवरी 1933 ई. को राष्ट्रपति हिंडनबर्ग ने हिटलर को चांसलर का पदभार संभालने का न्यौता दिया।
- जब सितंबर 1939 ई. में जर्मनी ने पॉलैण्ड पर हमला किया तब, पॉलैण्ड के समर्थन में फ्रांस और इंगलैण्ड जर्मनी के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। इस तरह से द्वितीय विश्वयुद्ध प्रारंभ हो गया।
- यूरोप के ज्यादातर देशों में नात्सी जर्मनी का समर्थन करने वाली कठपुतली सरकारें बिठा दी गई।
- 1940 ई. के अंत में हिटलर अपनी ताकत के शिखर पर था।
- किंतु सोवियत लाल सेना ने स्तालिनग्राद में जर्मनी की सेना को हराया साथ ही वे बर्लिन तक पहुँच गये।
- नात्सी विचारधारा में सभी समाजों को बराबरी का हक नहीं था। नॉर्डिक जर्मन आर्य सबसे ऊपरी तथा यहूदी सबसे निचली पायदान पर था।
- 1939 ई.-45 ई. में यहूदियों को इकट्ठा करके पोलैण्ड में बनाए गए गैस चेंबरों में ले जाकर मार देने की रणनीति अपनाई गई।
- शक्तिशाली नात्सी समाज की स्थापना के लिये बच्चों को नात्सी विचारधारा की घुट्टी पिलाया गया।
- पहले यहूदी बच्चों को जर्मन बच्चों से अलग बैठाया गया, उसके बाद उन्हें स्कूल से निकाल दिया गया और 1940 ई. के दशक में तो उन्हें गैस चैंबर में डालकर मार दिया जाने लगा।
- जर्मनी में बच्चों को नात्सी विचारधारा का पाठ पढ़ाने के लिये 10 साल की उम्र में युंगफोक में दाखिला करा दिया जाता था।
- 14 वर्ष के बच्चों को हिटलर यूथ की सदस्यता लेनी पड़ती थी। 18 वर्ष की उम्र में लेबर सर्विस में शामिल होकर सेना में काम करना पड़ता था।
- नात्सी यूथ लीग को बाद में हिटलर यूथ के नाम से जाना गया।
- नात्सी विचार के अनुसार लड़कों को आक्रामक, मर्दाना और पत्थरदिल होना चाहिए जबकि औरतें बुनियादी तौर पर मर्दों से भिन्न होती हैं।
- नात्सियों द्वारा सामूहिक हत्याओं को विशेष व्यवहार, अंतिम समाधान (यहूदियों के संदर्भ में), यूथनेजिया (विकलांगों के लिये) चयन और संक्रमण-मुक्ति आदि शब्दों से व्यक्त किया जाता था।
- गैस चेंबर स्नानघर जैसे दिखाई देते थे। नात्सी लोगों ने सभी को इस बात का अहसास कराते थे कि उनकी समस्याओं को सिर्फ हिटलर ही हल कर सकते हैं।
- बहुत सारे लोग नात्सी शब्दाडम्बर और धुआँधार प्रचार का शिकार हो गये और वे दुनिया को नात्सी नजरों से देखने लगे।

- एक समय बाद यहूदी भी अपने बारे में नात्सियों द्वारा फैलाई जा रही रूढ़ छवियों पर यकीन करने लगे। अपने सपनों में उन्हें भी अपनी नाक आगे से मुड़ी हुई दिखने लगी थी।
- महात्मा गांधीजी ने हिटलर को पत्र लिखकर द्वितीय विश्वयुद्ध को बंद करने की गुहार लगाई थी।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. हिटलर किस देश से संबंधित है?**
a. जर्मनी b. इटली
c. जापान d. इंग्लैण्ड

**2. द्वितीय विश्वयुद्ध में कब जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के सामने समर्पण किया था?**
a. अप्रैल 1945 ई. b. जून 1945 ई.
c. मई 1945 ई. d. जुलाई 1945 ई.

**3. हिटलर का प्रचार मंत्री कौन था?**
a. मुसोलनी b. पॉल वोन हिनडेनबर्ग
c. ग्योबल्स d. पैपेन

**4. हिटलर, ग्योबल्स तथा अपने परिवार के साथ कब बर्लिन के एक बंकर में आत्महत्या कर लिया था?**
a. अप्रैल 1945 ई. b. मई 1945 ई.
c. जून 1945 ई. d. जुलाई 1945 ई.

**5. निम्नांकित में से कौन मित्र राष्ट्र में शामिल नहीं था?**
a. सोवियत संघ b. अमेरिका
c. फ्रांस d. जापान

**6. निम्नांकित में से कौन धुरी राष्ट्र में शामिल नहीं था?**
a. जर्मनी b. इटली
c. फ्रांस d. जापान

**7. द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ती के बाद किस स्थान पर अंतर्राष्ट्रीय सैनिक अदालत स्थापित की गई?**
a. लंदन b. पेरिस
c. बर्लिन d. न्यूरेम्बर्ग

**8. जर्मनी ने लगभग कितने यहुदियों का नरसंहार किया?**
a. 60 लाख b. 50 लाख
c. 40 लाख d. 30 लाख

**9. मानसिक एवं शारीरिक रूप से अपंग घोषित किये गये कितने जर्मन नागरिकों की हत्या की गई थी?**
a. लगभग 50,000 b. लगभग 60,000
c. लगभग 70,000 d. लगभग 80000

**10. हिटलर द्वारा स्थापित औषविव्स कत्लखाने में किस विधि से एक साथ हजारों लोगों को मारा जाता था?**
a. फांसी द्वारा। b. पानी में डुबाकर।
c. जहरीली गैस द्वारा। a. सिर काटकर।

**11. न्यूरेम्बर्ग अदालत ने कितने नात्सियों को मौत की सजा सुनाई?**
a. 10 b. 11
c. 12 d. 13

**12. हिटलर की पार्टी के लोगों को क्या कहा जाता था?**
a. नात्सी b. फात्सी
c. नात्सियोणाल d. इनमें से कोई नहीं।।

**13. पहला विश्वयुद्ध कब से कब हुआ?**
a. 1910 ई.-14 ई. b. 1912 ई.-16 ई.
c. 1914 ई.-18 ई. d. 1920 ई.-24 ई.

**14. प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी ने कब मित्र राष्ट्रों के समक्ष समर्पण किया?**
a. अक्टूबर 1918 ई. b. दिसम्बर 1918 ई.
c. नवम्बर 1918 ई. d. सितम्बर 1918 ई.

**15. राइखस्टाग क्या था?**
a. जर्मन संसद b. रूस का संसद
c. इटली की संसद d. इंग्लैण्ड का संसद

**16. मित्र राष्ट्रों के साथ वर्साय में हुई शांति - संधि जर्मनी की जनता के लिए कैसी थी?**
a. फायदेमंद
b. उदासीन
c. कठोर एवं अपमानजनक।
d. इनमें से कोई नहीं।।

**17. वर्साय संधि में जर्मनी ने क्या खोया?**
a. अपने सारे उपनिवेश।
b. तक़रीबन 10% आबादी ।
c. 13 प्रतिशत भू-भाग।
d. उपर्युक्त सभी।

**18. बहुत सारे जर्मनों ने न केवल हार के लिये बल्कि वर्साय में हुए अपमान के लिये किसे जिम्मेवार ठहराते थे?**
a. जर्मन सम्राट b. हिटलर
c. वाइमर गणराज्य d. उपर्युक्त सभी।

**19. मित्र राष्ट्रों ने प्रथम विश्वयुद्ध के कारण हुई तबाही के लिये जर्मनी को जिम्मेदार ठहराया, इसके एवज में उस पर कितने पौंड का जुर्माना लगाया गया?**
a. 16 अरब b. 6 अरब
c. 26 अरब d. 10 अरब

**20. 'नवंबर के अपराधी' कहकर किनका खुलेआम मजाक उड़ाया जाता था?**
a. समाजवादी b. कैथोलिक
c. डेमोक्रेट d. वाइमर गणराज्य

**21. रूस के बोल्शेविक क्रांति की तर्ज पर जर्मनी में कौन पार्टी अपने क्रांतिकारी विद्रोह की योजनाओं को अंजाम देने लगी?**
a. समाजवादी b. कैथोलिक
c. स्पार्टकिस्ट लीग d. इनमें से कोई नहीं।।

**22. जर्मनी ने कब प्रथम विश्वयुद्ध के कर्ज और हजीने को चुकाने से इंकार कर दिया?**

a. 1920 ई. b. 1922 ई.
c. 1923 ई. d. 1924 ई.

**23. किस देश ने जर्मनी के प्रमुख औद्योगिक इलाका 'रूर' पर कब्जा कर लिया?**

a. फ़्रांस b. इंग्लैण्ड
c. अमेरिका d. रूस

**24. जर्मनी का 'रूर' क्षेत्र किस प्राकृतिक संसाधन की प्रचुरता के लिये प्रसिद्ध था?**

a. अभ्रक b. कोयला
c. तम्बा d. सोना

**25. जर्मनी ने किस देश के विरुद्ध निष्क्रिय प्रतिरोध के रूप में बड़े पैमाने पर कागजी मुद्रा छापना शुरू किया?**

a. इंग्लैण्ड b. अमेरिका
c. फ़्रांस d. इनमें से कोई नहीं।।

**26. जर्मनी की मुद्रा का क्या नाम था?**

a. मार्क b. यूरो
c. दीनार d. सेंट

**27. बड़े पैमाने पर कागजी मुद्रा के छपाई से इसके मूल्य पर क्या प्रभाव पड़ा ?**

a. स्थिर रहा। b. बढ़ गया।
c. तेजी से गिरने लगा। d. इनमें से कोई नहीं।।

**28. अप्रैल 1923 ई. में एक अमेरिकी डॉलर की कीमत थी?**

a. 3,53000 मार्क b. 24000 मार्क
c. 46,21,000 मार्क d. 9,88,60,000 मार्क

**29. दिसम्बर 1923 ई. में एक अमेरिकी डॉलर बराबर था?**

a. 3,53000 मार्क b. 24000 मार्क
c. 46,21,000 मार्क d. 9,88,60,000 मार्क

**30. 1923 ई. में किस देश की स्थिति ऐसी थी- 'कीमतें आसमान छूने लगीं, पावरोटी खरीदने के लिये बेलगाड़ी में नोट भरकर लाया जाने लगा ।**

a. इंग्लैण्ड b. अमेरिका
c. फ़्रांस d. जर्मनी

**31. 'अति-मुद्रास्फीति' किसे कहा जाता है?**

a. मुद्रा की कमी।
b. जब कीमतें बेहिसाब बढ़ जाती हैं।
c. जब कीमतें कम हो जाती हैं।
d. इनमें से कोई नहीं।।

**32. जर्मनी को 'अति-मुद्रास्फीति' से निपटने के लिये किस सरकार ने हस्तक्षेप किया?**

a. अमेरिकी b. फ़्रांसिसी
c. इंग्लैण्ड की महारानी। d. इनमें से कोई नहीं।।

**33. जर्मनी को आर्थिक संकट से निकालने के लिये अमेरिकी सरकार ने कौन सी योजना बनाई ?**

a. हॉब्स b. डॉव्स
c. ट्रेवलिन d. इनमें से कोई नहीं।।

**34. अमेरिका में स्थित दुनिया का सबसे बड़ा शेयर बाजार कौन था?**

a. न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज।
b. शंघाई स्टॉक एक्सचेंज।
c. वॉल स्ट्रीट एक्सचेंज।
d. इनमें से कोई नहीं।।

**35. वॉल स्ट्रीट एक्सचेंज कब धाराशायी हो गया ?**

a. 1927 ई. b. 1928 ई.
c. 1929 ई. d. 1930 ई.

**36. अमेरिका में आया आर्थिक मंदी किस वर्ष शुरू हुआ?**

a. 1929 ई. b. 1934 ई.
c. 1933 ई. d. 1932 ई.

**37. 1929 ई. से 1932 ई. के बीच अमेरिका की राष्ट्रीय आय पर क्या प्रभाव पड़ा?**

a. राष्ट्रीय आय में वृद्धि हुई।
b. राष्ट्रीय स्थिर रहा।
c. राष्ट्रीय आय आधा रह गई।
d. इनमें से कोई नहीं।।

**38. 1932 ई. में जर्मनी का औद्योगिक उत्पादन 1929 ई. की तुलना में -**

a. 40 प्रतिशत रह गया था।
b. 80 प्रतिशत रह गया था।
c. 60 प्रतिशत रह गया था।
d. इनमें से कोई नहीं।।

**39. हिटलर का जन्म कहाँ हुआ था?**

a. इंग्लैण्ड b. अमेरिका
c. ऑस्ट्रिया d. जर्मनी

**40. प्रथम विश्वयुद्ध में हिटलर ने कौन-सा कार्य किया?**

a. बंकर खोदने का। b. बंदूक चलाने का।
c. बंदूक मरम्मती का। d. संदेशवाहक का।

**41. वर्साय की संधि कब हुई?**

a. 1918 ई. b. 28 जून 1919 ई.
c. 1920 ई. d. इनमें से कोई नहीं।।

**42. हिटलर ने 'जर्मन वर्कर्स पार्टी' की कब सदस्यता लिया?**

a. 1918 ई. b. 1919 ई.
c. 1920 ई. d. 1921 ई.

**43. हिटलर ने जर्मन वर्कर्स पार्टी का नाम बदलकर क्या रखा?**

a. नेशनल सोशलिस्ट पार्टी
b. नेशनल कांग्रेस पार्टी
c. नेशनल कम्युनिष्ट पार्टी
d. नेशनल साम्यवादी पार्टी

**44. नेशनल सोशलिस्ट पार्टी बाद में किस नाम जाना गया?**

a. नेमी पार्टी b. नूमा पार्टी

c. नात्सी पार्टी d. इनमें से कोई नहीं।।

**45. 1929 ई में नात्सी पार्टी को जर्मन संसद - राइखस्टाग के लिए हुए चुनावों में कितना प्रतिशत वोट मिला ?**

a. 2.2 % b. 2.4 %

c. 2.6 % d. 2.8 %

**46. 1932 ई. तक आते-आते नाजी पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी बन गई थी, उसे कुल कितने फीसदी वोट मिले?**

a. 26 % b. 32 %

c. 2.6 % d. 37 %

**47. नात्सियों का झंडा कैसा था?**

a. स्वस्तिक छपे सफेद झंडा।

b. स्वातिक छपे लाल झंडा।

c. स्वस्तिक छपे पीला झंडा।

d. स्वस्तिक छपे काला झंडा।

**48. हिटलर, जर्मनी का चांसलर कब बना?**

a. 1932 ई. b. 1933 ई.

c. 1934 ई. d. 1935 ई.

**49. जर्मन संसद में 'रहस्यमय अग्निकांड' कब हुआ?**

a. जनवरी 1933 ई. b. फरवरी 1933 ई.

c. मार्च 1933 ई. d. अप्रैल 1933 ई.

**50. नात्सी शासन में कुल कितने किस्म के लोगों को अपने दमन का निशाना बनाया गया?**

a. 5 b. 10

c. 30 d. 52

**51. 3 मार्च 1933 ई. को पारित किस एक्ट के द्वारा जर्मनी में बाकायदा तानाशाही स्थापित कर दी गई?**

a. विशेषाधिकार अधिनियम (इनेबलिंग एक्ट)।

b. विशेष अधिनियम।

c. तानाशाही अधिनियम।

d. इनमें से कोई नहीं।।

**52. गेस्तापो क्या था?**

a. जर्मनी का गुप्तचर राज्य पुलिस।

b. सीमा पुलिस।

c. अंतर्राष्ट्रीय पुलिस।

d. इनमें से कोई नहीं।।

**53. हिटलर ने जर्मनी की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की जिम्मेदारी किस अर्थशास्त्री को सौंपी ?**

a. हिंडनबर्ग b. ह्यालमार शाख्त

c. हेंज लिंगे d. इवा ब्राउन

**54. फॉक्सवैगन क्या था?**

a. जर्मनी की एक मुख्य सड़क।

b. जनता की स्कूटर।

c. जनता की कार।

d. इनमें से कोई नहीं। ।

**55. जर्मनी ने 'लीग ऑफ नेशंस' की सदस्यता कब छोड़ दी?**

a. 1931 ई. b. 1932 ई.

c. 1933 ई. d. 1934 ई.

**56. ऑस्ट्रिया को जर्मनी में कब मिला लिया गया था?**

a. 1935 ई. b. 1936 ई.

c. 1937 ई. d. 1938 ई.

**57. जर्मन भाषी 'सुडेटनलैण्ड प्रांत' किसका भाग था?**

a. चेकोस्लोवाकिया b. नीदरलैण्ड

c. नार्वे d. स्वीडन

**58. द्वितीय विश्वयुद्ध की शुरुआत कब हुई ?**

a. जुलाई 1939 ई. b. सितंबर 1939 ई.

c. अगस्त 1939 ई. d. अक्टूबर 1939 ई.

**59. सितंबर 1940 ई. में जर्मनी ने किनके साथ एक त्रिपक्षीय संधि पर हस्ताक्षर किया ?**

a. इटली एवं रूस b. रूस एवं जापान

c. इटली एवं जापान d. फ़्रांस एवं जापान

**60. किस देश ने अमेरिका के पर्ल हार्बर बंदरगाह पर बमबारी किया, जिससे अमेरिका को द्वितीय विश्वयुद्ध में मजबूरन कूदना पड़ा ?**

a. इंग्लैण्ड b. तुर्की

c. इटली d. जापान

**61. जर्मनी ने सोवियत संघ पर कब हमला किया?**

a. जून 1941 b. जून 1940

c. जून 1942 d. जून 1943

**62. हिटलर की पराजय कब हुई?**

a. जून 1945 ई. b. मई 1945 ई.

c. जुलाई 1945 ई. d. अगस्त 1945 ई.

**63. अमेरिका ने जापान के किस शहर पर परमाणु बम गिराया?**

a. हिरोशिमा b. नागाशाकी

c. a और b दोनों d. अगस्त 1945 ई.

**64. नात्सी विचार के अनुसार कौन-सा नस्ल सबसे अच्छा था?**

a. ब्लांड, नीली आँखे वाले नॉडिक जर्मन आर्य जिनके सुनहरे बाल थे।

b. यहूदी

c. जिप्सी

d. रेड इंडियन

**65. हिटलर का नस्ली सोच किन विचारकों के सिद्धान्त पर आधारित था ?**

a. चार्ल्स डार्विन b. हर्बर्ट स्पेंसर

c. a और b दोनों। d. इनमें से कोई नहीं।।

**66. नात्सी पार्टी, यूथनेजिया (दया मृत्यु) कार्यक्रम किनके लिये चलाता था ?**

a. जिप्सियों b. रुसी

c. दिव्यांग d. इनमें से कोई नहीं।।

**67. निम्नांकित में से कौन बाकी समाज से अलग बस्तियों में रहते थे जिन्हें घेटो या दड़बा कहा जाता था ?**

a. कम्युनिष्ट b. रुढ़िवादी

c. जिप्सी d. यहूदी

**68. नात्सी यूथ लीग का गठन कब हुआ था?**

a. 1922 ई. b. 1926 ई.

c. 1928 ई. d. 1930 ई.

**69. निम्नांकित में से कौन सा कथन गलत है?**

a. नात्सी पार्टी नस्ली तौर पर वांछित बच्चों को जन्म देनेवाली माताओं को इनाम देती थी।

b. जो औरत 8 या उससे अधिक वांछित बच्चे को जन्म देती थी उसे सोने का तमगा दिया जाता था।

c. चार बच्चे पैदा करने वाली माँ को कांसे का तथा छ: बच्चे पैदा करने वाली माँ की चाँदी का तमगा दिया जाता था ।

d. अवांछित बच्चे को जन्म देने वाली माँ को भी पुरस्कार दिया जाता था ।

**70. गैस चेम्बर कैसा दिखाई देता था?**

a. स्नानघर जैसा जिसमें नकली फव्वारे लगे होते थे ।

b. खेल के मैदान जैसा।

c. सिनेमा घर जैसा।

d. विद्यालय जैसा ।

**71. नात्सी लोग, किन्हें केंचुआ, चूहा से संबोधित करते तथा उनकी चाल-ढाल की तुलना छछुंदरी जीवों से करते थे?**

a. कम्युनिष्ट b. रुढ़िवादी

c. जिप्सी d. यहूदी

**72. प्रथम विश्वयुद्ध कब प्रारंभ हुआ था?**

a. 1 अगस्त 1914 ई. b. 1 जुलाई 1914 ई.

c. 15 अगस्त 1914 ई. d. 1 सितम्बर 1914 ई.

**73. प्रथम विश्वयुद्ध कब समाप्त हुआ ?**

a. 9 अगस्त 1918 ई. b. 9 अक्टूबर 1918 ई.

c. 9 सितम्बर 1918 ई. d. 9 नवंबर 1918 ई.

**74. वर्साय की संधि कब हुई थी?**

a. 1 अगस्त 1918 ई. b. 9 अक्टूबर 1918 ई.

c. 28 जून 1919 ई. d. इनमें से कोई नहीं।।

**75. द्वितीय विश्वयुद्ध कब प्रारंभ हुआ ?**

a. 1 अगस्त 1939 ई. b. 1 सितम्बर 1939 ई.

c. 1 अक्टूबर 1939 ई. d. इनमें से कोई नहीं।।

## बहुविकल्पीय प्रश्न का उत्तर

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | a | 20 | d | 39 | c | 58 | b |
| 2 | c | 21 | c | 40 | d | 59 | c |
| 3 | c | 22 | c | 41 | b | 60 | d |
| 4 | a | 23 | a | 42 | b | 61 | a |
| 5 | d | 24 | b | 43 | a | 62 | b |
| 6 | c | 25 | c | 44 | c | 63 | c |
| 7 | d | 26 | a | 45 | c | 64 | a |
| 8 | a | 27 | c | 46 | d | 65 | c |
| 9 | c | 28 | b | 47 | b | 66 | c |
| 10 | c | 29 | d | 48 | b | 67 | d |
| 11 | b | 30 | d | 49 | b | 68 | a |
| 12 | a | 31 | b | 50 | d | 69 | d |
| 13 | c | 32 | a | 51 | a | 70 | a |
| 14 | c | 33 | b | 52 | a | 71 | d |
| 15 | a | 34 | c | 53 | b | 72 | a |
| 16 | c | 35 | c | 54 | c | 73 | d |
| 17 | d | 36 | a | 55 | c | 74 | c |
| 18 | c | 37 | c | 56 | d | 75 | b |
| 19 | b | 38 | a | 57 | a | | |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

**1. डॉव्स योजना क्या है?**

**उत्तर-** अमेरिका द्वारा जर्मनी को आर्थिक संकट से निकालने के लिये बनाई गई योजना डॉव्स योजना कहलाती है । इसके तहत हर्जाने की शर्तों को दोबारा तय किया गया।

**2. 1929 ई. में वॉल स्ट्रीट एक्सचेंज (शेयर बाजार) क्यों धराशायी हो गया?**

**उत्तर-** वॉल स्ट्रीट एक्सचेंज अमेरिका का प्रमुख शेयर बाजार था जो 1929 ई. में आई आर्थिक मंदी की वजह से धराशायी हो गया।

**3. सर्वहाराकरण क्या है?**

**उत्तर-** गरीब होते-होते व्यक्ति का मजदूर वर्ग की आर्थिक स्थिति में पहुँच जाना ही सर्वहाराकरण कहलाता है।

**4. प्रोपेगैंडा क्या होता है?**

**उत्तर-** जनमत को प्रभावित करने के लिये पोस्टरों, फिल्मों और भाषणों आदि के माध्यम से किया जाने वाला प्रचार ।

**5. 30 जनवरी 1933 ई. को राष्ट्रपति हिंडनबर्ग ने हिटलर को चांसलर का पदभार संभालने का न्योता क्यों दिया?**

**उत्तर-** 1932 ई. के चुनाव में हिटलर की नात्सी पार्टी को सबसे अधिक 37 प्रतिशत वोट मिले थे इसीलिए उसे राष्ट्रपति ने चांसलर बनने का न्योता दिये।

**6. चांसलर बनने के बाद हिटलर ने क्या किया?**

**उत्तर-** चांसलर बनने के बाद हिटलर ने लोकतांत्रिक शासन की संरचना और संस्थाओं को भंग करना शुरू कर दिया।

**7. कंसन्टेशन कैंप क्या था?**

**उत्तर-** ऐसे स्थान जहाँ बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के लोगों को कैद रखा जाता था। इस तरह का कैंप बिजली का करंट दौड़ते कंटीले तारों से घिरा रहता था।

**8. हिटलर ने ह्यालमार शाख्त को वित्त मंत्री के पद से क्यों हटा दिया?**

**उत्तर-** ह्यालमार शाख्त ने हिटलर को सलाह दी थी कि सेना और हथियारों पर ज्यादा पैसा खर्च न करे क्योंकि सरकारी बजट अभी भी घाटे में है। इसी सलाह की वजह से हिटलर ने शाख्त को अपने पद से हटा दिया।

**9. हिटलर को लेबेन्स्राउम या जीवन-परिधि की भू-राजनीतिक अवधारणा क्या है?**

**उत्तर-** हिटलर का मानना था कि अपने लोगों को बसाने के लिये ज्यादा से ज्यादा इलाकों पर कब्जा जरूरी है, इससे मातृदेश का क्षेत्रफल भी बढ़ेगा और संसाधन भी इकट्ठा की जा सकेगी ।

**10. यहूदियों के प्रति ईसाई धर्म में परंपरागत घृणा क्यों थी?**

**उत्तर-** ईसाईयों का आरोप था कि ईसा मसीह को यहूदियों ने ही मारा था और वे आदतन हत्यारे और सूदखोर होते हैं।

**11. जिप्सी कौन थे ?**

**उत्तर-** यूरोप का गरीब और बदहाल अल्पसंख्यक जिससे नात्सी पार्टी घृणा करती थी। सिन्ती और रोमा इसके ही अंग थे।

**12. घेटो किसे कहते हैं?**

**उत्तर-** किसी समुदाय को औरों से अलग-थलग करके रखने को घेटो कहते हैं।

**13. 'नाइट ऑफ ब्रोकन ग्लास' क्या है?**

**उत्तर-** नवंबर 1938 ई. में एक जनसंहार में यहूदियों की सम्पत्तियों को लूटा गया उनके घरों पर हमले हुए, यहूदी प्रार्थनाघरों (सिनेगॉग्स) को जलाया गया - इस घटना को 'नाइट ऑफ ब्रोकन ग्लास' के नाम से याद किया जाता है ।

**14. यहूदियों को डेविड का पीला सितारा अपनी छाती पर लगाने का हुक्म कब जारी हुआ?**

**उत्तर-** सितंबर 1941 ई. में ।

**15. नात्सियों के युवा संगठन हिटलर यूथ में बच्चों को क्या सिखाया जाता था?**

**उत्तर-** इस संगठन में बच्चे युद्ध की उपासना, आक्रामकता व हिंसा, लोकतंत्र की निन्दा और यहूदियों, कम्युनिष्टों, जिप्सियों व अन्य अवांछितों से घृणा का सबक सीखते थे ।

**16. युंगफोक क्या था?**

**उत्तर-** 14 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों के लिये नात्सी युवा संगठन युंगफोक कहलाता था ।

**17. इवैक्युशन (खाली करना) का क्या आशय था?**

**उत्तर-** इवैक्युशन (खाली करना) का आशय था लोगों को गैस चेंबरों में ले जाना ।

**18. एटर्नल ज्यू (अक्षय यहूदी) क्या थी?**

**उत्तर-** एटर्नल ज्यू (अक्षय यहूदी) यहूदियों के प्रति नफरत फैलाने के लिये बनाई गई एक कुख्यात फिल्म थी ।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**1. नात्सी सोच के ख़ास पहलू कौन से थे?**

**उत्तर-** नात्सी सोच के अनुसार नॉर्डिक जर्मन आर्य सबसे उन्नत नस्ल थी और केवल उन्हें ही इस धरती पर जीने का अधिकार था। बाकी नस्लों के लोगों का धरती पर से नाश करना जरूरी था। नस्ली कल्पनालोक ऐसे देश का निर्माण करना चाहते थे, जहाँ केवल जर्मन आर्य लोग ही रह सकेंगे। उस कल्पनालोक में खराब नस्लों (यहूदी, जिप्सी, आदि) और विकलांगों के लिए कोई स्थान नहीं था। नात्सियों का मानना था कि बचपन और युवावस्था में सही ढंग से प्रशिक्षण देने से योग्य नागरिक तैयार किये जा सकते थे। इसलिए इसे सुनिश्चित करने के लिए स्कूल के पाठ्यक्रम में बदलाव किये गये। किशोरावस्था से ही लड़कों को नात्सी संगठन के किसी न किसी अंग में भर्ती कर दिया जाता था। एक ओर जहाँ लड़कों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने की बात होती थी, वहीं दूसरी ओर लड़कियों को इस बात के लिये तैयार किया जाता था कि भविष्य में उन्हें आदर्श माता किस तरह बनना है। औरतों की मुख्य जिम्मेदारी अधिक से अधिक बच्चे पैदा करना था ताकि शुद्ध नस्ल के लोगों की आबादी बढ़ाई जा सके। इसके लिए बच्चों की संख्या के हिसाब से पुरस्कार भी दिये जाते थे।

**2. हिटलर ने अपने अपराधिक नात्सी सोच को सही ठहराने के लिए विज्ञान का गलत व्याख्या किस तरह से किया?**

**उत्तर-** हिटलर की नात्सी सोच चार्ल्स डार्विन और हर्बर्ट स्पेंसर जैसे विचार, सिद्धांतों के गलत व्याख्या पर आधारित थी। डार्विन प्रकृति विज्ञानी थे जिन्होंने विकास और प्राकृतिक चयन की अवधारणा के द्वारा पौधों और पशुओं की उत्पत्ति की व्याख्या का प्रयास किया था। हर्बर्ट स्पेंसर ने 'अति' जीविता का सिद्धांत दिया। इसके अनुसार-जो सबसे योग्य है, वही जीवित रहेगा। उपरोक्त सिद्धांत एक विशुद्ध प्राकृतिक प्रक्रिया था जिसमें इन वैज्ञानिकों के अनुसार इंसानी हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए।

हिटलर और नात्सी वादियों ने उपरोक्त सिद्धांत की गलत व्याख्या कर अपने साम्राज्यवादी शासन को सही ठहराते हुए दलील दी कि-

जो नस्ल सबसे ताकतवर है वह जिंदा रहेगी, कमजोर नस्लें खत्म हो जाएँगी। आर्य नस्ल सर्वश्रेष्ठ और शुद्ध है। अत: उनका दुनिया पर वर्चस्व बनाना विज्ञान के अनुसार सही है।

**3. नात्सी समाज में औरतों की भूमिका पर प्रकाश डालें?**

**उत्तर-** नात्सीवाद, औरतों को आर्य संस्कृति और नस्ल की ध्वजवाहक मानता था। नात्सी समाज में औरतो की भूमिका निम्न थी:-

(i) लड़कियों का फर्ज एक अच्छी माँ बनना, शुद्ध आर्य रक्त वाले बच्चों को जन्म देना और उसका पालन-पोषण करना था।

(ii) औरतों को नस्ल की शुद्धता बनाए रखने, यहूदियों से दूर रहने, घर संभालने और बच्चों को नात्सी मूल्य-मान्याओं की शिक्षा देने का दायित्व सौंपा गया था।

(iii) हिटलर का कथन था- मेरे राज्य की सबसे महत्वपूर्ण नागरिक माँ है। वह महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा शुद्ध आर्य नस्ल वाले बच्चों को जन्म देने के लिए प्रोत्साहित करता था।

(iv) नस्ली तौर पर बांछित दिखने वाले बच्चों को जन्म देने वाली महिलाओं को इनाम दिया जाता था, जबकि निर्धारित आचार संहिता का उल्लंघन करने वाली आर्य महिलाओं को कठोर दंड दिया जाता था।

**4. इस बारे में चर्चा कीजिए कि 1930 ई. तक आते-आते जर्मनी में नात्सीवाद को लोकप्रियता क्यों मिलने लगी?**

**उत्तर-** महामंदी के समय में, नाज़ीवाद एक जन आंदोलन बन गया और वर्ष 1929 ई. के बाद, श्रमिकों को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी, बैंकों का पतन हुआ। ऐसी स्थिति में, नात्सीवाद ने लोगों में बेहतर भविष्य की उम्मीद जगाई । 1930 ई. तक नात्सीवाद का जर्मनी में लोकप्रिय होने के निम्नलिखित कारण थे-

(i) नात्सीवाद का प्रचार कुछ अलग था। नाज़ी सलाम, तालियों की गड़गड़ाहट और लाल बैनर के साथ स्वास्तिक लोगों को आकर्षित करता था।

(ii) नाजी महामंदी के दौरान लोकप्रिय हो गए। वाइमर गणराज्य ने आर्थिक गिरावट के उपाय के लिए बहुत कम कार्य किये जिससे हिटलर अपने आप को संकट समय में रहने वाले अपमानित जर्मन लोगों के बीच उद्धारकर्ता के रूप में प्रस्तुत किया।

(iii) हिटलर के शक्तिशाली भाषण, जिसमें उन्होंने महान राष्ट्र का निर्माण करने, जर्मन लोगों की गरिमा को बहाल करने, उन्हें रोजगार देने और वर्साय संधि को पूर्ववत करने की मांग की ।

**5. हिटलर द्वारा जर्मनी की आर्थिक व्यवस्था में किये गए सुधारों पर प्रकाश डालें?**

**उत्तर-** हिटलर ने योजनाबद्ध तरीके से जर्मनी का आर्थिक विकास करने का प्रयास किया। सभी आर्थिक सुधार राजकीय नियंत्रण में किए गए। कृषि के विकास के लिए विशेष योजना बनायी गयी।जिससे खाद्यान्न उत्पादन में जर्मनी शीघ्र आत्मनिर्भर हो सके, स्वावलंबी बन सके। कारखानों में तालाबंदी, हड़ताल पर प्रतिबंध लगा दिया गया। जर्मन लेबर फ्रंट का निर्माण कर पूँजीपतियों, उद्योगपतियों और श्रमिकों के झगड़े दूर करने का प्रयास किया गया। स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादन एवं उपभोग पर बल दिया गया। आयात को नियंत्रित किया गया, निर्यात को बढ़ावा दिया गया। हिटलर के इन कार्यों से जर्मनी में आर्थिक प्रगति होनी प्रारंभ हो गयी।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**1. वाइमर गणराज्य के सामने क्या समस्याएँ थी?**

**उत्तर-** प्रथम विश्व युद्ध में जर्मनी की हार और जर्मन सम्राट के पदत्याग के कारण एक नयी जर्मन सरकार की आवश्यकता थी। इसी सिलसिले में जर्मनी के वाइमर नामक स्थान में एक राष्ट्रीय सभा की बैठक बुलाई गई और एक सरकार का गठन किया गया जिसे बाइमर गणराज्य सरकार कहते हैं। सत्ता में सरकार गठन के साथ ही इनके समाने अनेक समस्याएँ उपस्थित थी जो निम्न है –

(i) मित्र राष्ट्रों ने जर्मनी के साथ वर्साय की शांति-संधि किया था। जो बहुत कठोर और अपमानजनक थी।

(ii) इस संधि के कारण जर्मनी को अपने सारे उपनिवेश, लगभग 10 प्रतिशत आबादी, 13% भू-भाग, 75% लौह भंडार और 26% कोयला भंडार फ्रांस, पोलैंड डेनमार्क और लिथुआनिया को देने पड़े।

(iii) जर्मनी की सेना भी भंग कर दी गई।

(iv) युद्ध अपराधबोध अनुच्छेद के तहत जर्मनी को युद्ध अपराधी ठहराया गया और छ: अरब पौंड का जुर्माना लगाया गया।

(v) खनिज संसाधनों से युक्त जर्मन क्षेत्र:- राईनलैंड पर भी बीस के दशक में मित्र राष्ट्रों का कब्ज़ा रहा।

(vi) 1929 ई. की विश्वव्यापी आर्थिक मंदी का बुरा प्रभाव जर्मनी पर पड़ा। बेरोजगारों की संख्या 60 लाख तक जा पहुँची। युवा वर्ग आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने लगे।

(vii) आर्थिक महामंदी के कारण मध्यवर्ग की बचत सिकुड़ती गई। वहीं कृषि उत्पादों की कीमतों में बेहिसाब गिरावट से किसान परेशान थे।

(viii) अपने छोटे से शासन काल में बाइमर गणराज्य में 20 बार अलग-अगल मंत्रीमंडलों की सरकारें बनीं। इसके कारण लोकतांत्रिक संसदीय व्यवस्था से जनता का विश्वास उठने लगा।

वर्साय की अपमानजनक शांति-संधि में जर्मनी की ओर से हस्ताक्षर नवजात वाइमर गणराज्य की सरकार ने ही की थी। अतः रूढीवादी जर्मन लोग इस सरकार पर तरह-तरह के हमले कर रहे थे। नवंबर का अपराधी कहकर वाइमर गणराज्य सरकार का मजाक उड़ाया जाता था।

**2. नात्सियों ने जनता पर पूरा नियंत्रण हासिल करने के लिए कौन-कौन से तरीके अपनाए?**

**उत्तर-** 1933 ई. को हिटलर जर्मनी का चांसलर बना। सत्ता हासिल करते ही हिटलर और उसके समर्थकों ने जनता पर पूरा नियंत्रण हासिल करने के लिए निम्नलिखित तरीके अपनाए-

(i) 28 फरवरी 1933 ई. को जारी किए गए अग्नि अध्यादेश

(फायर डिक्री) के जरिये अभिव्यक्ति, प्रेस की स्वतंत्रता एवं सभा करने के नागरिक अधिकारों को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया।

(ii) नात्सियों ने कम्युनिस्टों सहित लगभग 52 किस्म के विचारधारा समूहों का बर्बर दमन किया।

(iii) 3 मार्च 1933 ई. को विशेषाधिकार अधिनियम (इनेबलिंग एक्ट) के द्वारा हिटलर को केवल अध्यादेशों के जरिए शासन चलाने का निरंकुश अधिकार मिल गया। अर्थव्यवस्था, मीडिया, सेना और न्यायपालिका पर हिटलर का पूरा नियंत्रण स्थापित हो गया।

(iv) पूरे समाज को नात्सियों के हिसाब से नियंत्रित और व्यवस्थित करने के लिये नये सुरक्षा दस्ते गठित किए गये। जैसे, गेस्तापो (गुप्तचर राज्य पुलिस) एस.एस. (अपराध नियंत्रण पुलिस) और सुरक्षा सेवा (एस.डी.)। इन दस्तों को बेहिसाब असंवैधानिक अधिकार दिये गए ।

(v) नात्सियों आर्य-जर्मन बच्चों के मन-मस्तिष्क पर कब्जा करने के लिए बचपन से ही यहूदियों के प्रति नफरत फैलाना शुरू किया। स्कूलों में जर्मन और यहूदी बच्चे न साथ बैठ सकते थे, न ही साथ खेल-कूद सकते थे।

(vi) 14 साल की उम्र के बच्चों को घृणा करना सिखाया जाता था।

(vii) नात्सियों द्वारा महिलाओं को आर्य संस्कृति और नस्ल का ध्वजवाहक कहा जाता था। लड़कियों को अच्छी माँ बनने, शुद्ध आर्य रक्त वाले बच्चों को जन्म देने, यहूदियों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाता था।

**3. नात्सियों का प्रोपेगैंडा यहूदियों के खिलाफ नफरत पैदा करने में असरदार कैसे रहा?**

**उत्तर-** 1933 ई. में हिटलर जर्मनी की चांसलर बना। हिटलर का तानाशाही शासन शुरू होते ही नात्सियों ने यहूदियों के खिलाफ निम्नलिखित प्रोपेगैंडा फैला कर जर्मन समाज में यहूदियों के खिलाफ नफरत फैला दिया-

(i) यहूदियों को जर्मनी का दुश्मन घोषित करने के लिए तस्वीरों, फिल्मों रेडियो, पोस्टरों, आकर्षक नारों का सहारा लिया जाता था।

(ii) पोस्टरों आदि में यहूदियों को अपमानित करना, उनका मजाक उड़ाना आम बात थी।

(iii) प्रचार के साधनों में यहूदियों को शैतान के रूप में पेश किया जाता था।

(iv) 'द एटर्नल ज्यू' (अक्षय यहूदी) जैसे प्रचार फिल्मों में यहूदियों को गलत तरीके से दर्शाया गया था। जनता के बीच यहूदियों की गलत शारीरिक बनावट, पहनावा आदि दिखाया जाता था ताकि दोनों जातियों के बीच विभाजन रेखा खींच जाए।

(v) यहूदियों को केंचुआ, चूहा, कीड़ा जैसे शब्दों से संबोधित किया जाता था।

(vi) नात्सियों ने जर्मन जनता को विभाजित करने के लिए बांछित और अबांछित समूह श्रेणी में बाँट दिया। यहूदी, जिप्सी, विकलांगों को अबांछित श्रेणी में डाल कर इनको अपमानित करने और मार डालने के लिए जनता को उकसाया।

(vii) नात्सियों ने धर्म का सहारा लेकर ईसाईयों और यहूदियों के बीच नफरत फैलाया कि ईसा मसीह को यहूदियों ने मारा है।